आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 27.09.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा से 60 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कहा – भारत दूरसंचार प्रौद्योगिकी का वैश्विक केन्द्र बनने की ओर अग्रसर।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों की खरीददारी को प्राथमिकता देकर राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान किया।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक की चार नई शाखाओं का शुभारंभ किया।
- ऋषिकेश–कौड़ियाला–मुनिकीरेती इको टूरिज्म जोन के तहत गंगा नदी में राफ्टिंग शुरु। राफ्टिंग संचालकों, गाइडों और पर्यटकों में उत्साह।

---------------

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में साठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएँ दूरसंचार, रेलवे, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास, ग्रामीण आवास सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री ने बीएसएनएल द्वारा स्थापित 97 हजार पांच सौ से अधिक नए स्वदेशी 4–जी मोबाइल टावरों का भी शुभारंभ किया। श्री मोदी ने कहा कि भारत 2–जी, 3–जी और 4–जी तकनीकों के विकास में पिछड़ गया था और इस क्षेत्र में विदेशी तकनीक पर निर्भर था। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत भविष्य में दूरसंचार प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल ने अपने ही देश में पूरी तरह स्वदेशी 4–जी तकनीक विकसित कर ली है।

**<u>मुख्यमंत्री / जीएसटी</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरिद्वार के हरकी पैड़ी बाजार में 'जीएसटी बचत उत्सव' के उपलक्ष्य में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों और आम लोगों से मुलाकात कर जी.एस.टी. की घटी दरों के लाभ के बारे में फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आर्थिक सुधारों का नया दौर शुरू हुआ है और जीएसटी की दरों में कमी से समाज में सभी वर्गों के जीवन को खुशहाल बनाने की ऐतिहासिक पहल हुई है। उन्होंने कहा कि जीएसटी की नई दरों से उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती होने से आम लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने व्यापारियों से जीएसटी की घटी दरों के बारे में ग्राहकों को पूरी जानकारी देने का आग्रह भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न दुकानों से स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों की खरीददारी करते हुए प्रदेशवासियों से इन उत्पादों को प्राथमिकता देकर प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी सामान अपनाने से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलने के साथ ही स्वदेशी उत्पादों और कामगारों को समर्थन मिलेगा। जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और रोजगार के भी नए नए अवसर सृजित होंगे।

**<u>विश्व पर्यटन दिवस</u>**

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन विभाग अल्मोड़ा द्वारा आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह पर्यटन कार्यालय मॉल रोड अल्मोड़ा से साईकिल रैली निकाली गई। रैली में 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया। साईकिल रैली में विजेता प्रतिभागियों को मल्ला महल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। मल्ला महल में स्वच्छता अभियान चलाया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। अल्मोड़ा नगर निगम के मेयर अजय वर्मा मेयर ने कहा कि पूरे विश्व में अल्मोड़ा की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान है। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा, हैरिटेज सिटी बनने पर पर्यटन के क्षेत्र में विकसित होगा और अधिक संख्या में पर्यटक अल्मोड़ा आएंगे।

## राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून से उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक की चार नई शाखाओं का शुभारंभ किया। इन शाखाओं में देहरादून के कृषाली चौक शाखा का शुभारंभ सहित टिहरी जिले की चमियाला शाखा, नैनीताल जिले की लालपुर नायक शाखा और पौड़ी जिले की नौगांवखाल शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। राज्यपाल ने कृषाली चौक शाखा के परिसर में लगी स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों का अवलोकन भी किया और महिलाओं से उत्पादों की जानकारी ली। इस अवसर पर राज्यपाल ने स्वयं भी अपना बैंक खाता उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक में खुलवाया और ग्रामीण बैंक के प्रति अपना विश्वास और समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बैंक, गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और लोगों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राज्यपाल ने उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि बैंक, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन रहा है। उन्होंने विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों को सहयोग देने और हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन देने की दिशा में बैंक के प्रयासों को सराहनीय बताया।

## राफ्टिंग

ऋषिकेश–कौड़ियाला–मुनिकीरेती इको टूरिज्म जोन के तहत गंगा नदी में आज से राफ्टिंग शुरु हो गई है। गंगा नदी राफ्टिंग रोटेशन समिति के अध्यक्ष दिनेश भट्ट ने बताया कि भारी बारिश के चलते पिछले ढाई महीने से गंगा में राफ्टिंग बंद थी। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग की तकनीकी टीम और प्रशिक्षित गाइडों ने गंगा में रेकी कर सुरक्षित राफ्टिंग होने की रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी थी। जिसके बाद से राफ़्टिंग शुरु कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राफ्टिंग शुरु होने से इससे जुड़े संचालकों, गाइडों और पर्यटकों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

गौरतलब है कि ऋषिकेश में गंगा नदी पर मुख्यतः चार जगहों से राफ्टिंग करवाई जाती है। इनमें कौड़ियाला, मरीन ड्राइव, ब्रह्मपुरी और शिवपुरी शामिल हैं।

**शारदीय नवरात्र**

शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, माता के दर्शन और पूजन कर रहे हैं। इसी क्रम में आज चम्पावत जिले के मां पूर्णागिरि मंदिर, मां बाराही मन्दिर, हिंगलादेवी, सप्तेश्वर और गुरु गोरखनाथ सहित विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे के साथ पूजा–अर्चना की। गुरु गोरखनाथ मन्दिर में पूजा–अर्चना का विशेष महत्व है। मंदिर के महंत गुरु रामदास ने बताया कि यहां पर पूजा–अर्चना करने से निःसंतान दम्पत्ति को संतान प्राप्ति होती है, जिस कारण नवरात्र में मंदिर में सैकड़ों की संख्या मे श्रद्धालु पहुंचते हैं। उधर, बागेश्वर नगर के चंडिका मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। मां चंडिका को बागेश्वर की नगर देवी के रूप में पूजा जाता है। पंडित पूरन चंद्र जोशी ने बताया कि पंचमी तिथि पर सुबह मंगला आरती के साथ विशेष पूजन–अर्चन शुरु हुआ।